an>

Title: Issue regarding killing of Hindus in Bangladesh.

श्री चन्द्रकांत खैरे (औरंगाबाद) : सभापति महोदय, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया।

महोदय, बांग्लादेश में हिन्दुओं की हत्या का सिलसिला जारी है। पिछले रविवार का एक मंदिर में घुसकर अज्ञात लोगों ने एक 50 वर्षीय हिन्दू पुजारी जनेश्वर राय की गला काटकर नृशंस हत्या कर दी। उत्तरी पंचागढ़ जिले के देवीगंज उप जिला में हुए इस हमले में दो श्रद्धालु भी घायल हो गए थे। इस घटना की जिम्मेदारी इस्लामिक चरमपंथी इस्लामिक स्टेट ने ली है। हिन्दू समुदाय को लक्ष्य बनाकर आईएस संगठन के द्वारा किया गया यह पहला हमला है। लेकिन इससे पहले भी बांग्लादेश में हिन्दुओं पर कई बार हमले किए जा चुके हैं जो चिन्ता का विषय है। मेरा सदन के माध्यम स माननीय विदेश मंत्री और माननीय गृह मंत्री जी से अनुरोध है कि वह बांग्लादेश सरकार से इस घटना पर अपना सख्त एतराज जताए, साथ ही बांग्लादेश सरकार से वहां रह रहे 10 प्रतिशत हिन्दू परिवारों की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु तत्काल आवश्यक कदम उठाए जाएं ताकि भविष्य में आईएस एवं अन्य संगठनों द्वारा फिर से ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो।

HON. CHAIRPERSON:

Kunwar Pushpendra Singh Chandel and

Shri Bhairon Prasad Mishra are permitted to associate with the issue raised by Shri Chandrakant Khaire.